# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ

## मनित विश्वविद्यालय
## कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली–110016

**संख्या : ला.ब.शा./आई.क्यू.ए.सी/2014/** **दिनांक : 17/02/2014**

कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न उपवेशन (दिनांक 12/02/2014 संदर्भ संख्या LBS/2013-2014/ ) में लिये गये निर्णय के अनुसार ''पठन–पाठन गुणवत्ता'' उप–समिति का गठन किया गया है। जिसकी बैठक दिनांक 17 फरवरी 2014 को सायं 04:00 बजे सारस्वत साधना सदन के कक्ष संख्या 01 में आयोजित की गयी। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए तथा अपने विचार रखेः–

1. प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित – अध्यक्ष
   निदेशक (आई.क्यू.ए.सी)
2. प्रो. भास्कर मिश्र – समिति सदस्य
   संकायप्रमुख,
   आधुनिक–ज्ञान–विज्ञान संकाय
3. प्रो. कमला भारद्वाज – समिति सदस्य
   विभागाध्यक्ष,
   व्याकरण विभाग
4. प्रो. शुकदेव भोइ – समिति सदस्य
   विभागाध्यक्ष,
   साहित्य विभाग
5. डॉ. संगीता खन्ना – समिति सदस्य
   विभागाध्यक्ष,
   सर्वदर्शन विभाग

बैठक में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यापीठ के पठन–पाठन की [illegible] सतत परिष्कार की दृष्टि से पर्याप्त विचार–विमर्श के बाद सर्वसम्मति के आधार पर, प्रतिमाह [illegible] आकलन के लिये सार्थक प्रयास एवं पठन–पाठन के अतिरिक्त शास्त्रीय संगोष्ठियों के आयोजन

Cont--- 2

अन्तः–शास्त्रीय विषयों पर कार्यशालाओं के संयोजन, संस्कृत शिक्षण एवं सम्–भाषण से सम्बद्ध शिविरों के आयोजन, संस्कृत नाटको के मञ्चन के साथ–साथ छात्रों में अभिनय कला के विकास करने के लिए पाठ्यक्रमों का निर्माण आदि की आवश्यकता भी गुणवत्ता की त्वरित प्रतिष्ठा के लिये सभी सदस्यों ने अपरिहार्य माना।

समिति के सभी सम्मानित सदस्यों ने एक स्वर से स्वीकार किया कि पिछले वर्षों में जो फीडबैक फार्म विद्यापीठ के सभी छात्रों से भरवाये गये थे उनका विभागाध्यक्ष एवं सङ्कायाध्यक्ष स्तर पर समीक्षा करवा कर सम्बद्ध अध्यापकों एवं विभागों को, प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर पठन–पाठन में गुणवत्ता की अभिवृद्धि की दृष्टि से लिखित सुझाव नियमित रूप में भेजें तथा इन पत्रों एवं प्रतिक्रियाओं के लिखित सारांश कुलपति महोदय एवं आई.क्यू.ए.सी के निदेशक को भी नियत रूप में भेजें जिससे इनका समावेश ए.क्यू.ए.आर निर्माण एवं नैक पुनर्मूल्याङ्कन में यथा–स्थान सम्भव हो सके।

निदेशक (आई.क्यू.ए.सी) के धन्यवाद ज्ञापन से उपवेशन सम्पन्न हुआ।

. . . . . . .

17.02.14
**प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित**
निदेशक
आई.क्यू.ए.सी

**प्रो. भास्कर मिश्र**
संकायप्रमुख,
आधुनिक–ज्ञान–विज्ञान संकाय

Kamla Bhardwaj 17.02.14
**प्रो. कमला भारद्वाज**
विभागाध्यक्ष,
व्याकरण विभाग

17.2.14
**प्रो. शुकदेव भोई**
विभागाध्यक्ष,
साहित्य विभाग

Khanna 17.2.2014
**डॉ. संगीता खन्ना**
विभागाध्यक्ष,
सर्वदर्शन विभाग

# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
## मनित विश्वविद्यालय
## कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली–110016

**संख्या : ला.ब.शा./आई.क्यू.ए.सी/2014/** **दिनांक : 17/02/2014**

कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न उपवेशन (दिनांक 07/02/2014 संदर्भ संख्या LBS/Dev./Co-ord/2014/2196) में लिये गये निर्णय के अनुसार "**विषयबोध कार्यक्रम**" (ओरिएन्टेशन प्रोग्राम) के लिए पहली बैठक दिनांक 14 फरवरी 2014 को सम्पन्न हुई तथा आज दिनांक 17 फरवरी 2014 को दूसरी बैठक सायं 03:00 बजे संगणक प्रयोगशाला में आयोजित की गयी। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए तथा अपने विचार रखे:–

1. प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित – अध्यक्ष
   निदेशक (आई.क्यू.ए.सी)

2. डॉ रचना वर्मा मोहन – समिति सदस्य
   सह प्राध्यापक, आधुनिक–ज्ञान–विज्ञान संकाय

3. डॉ मीनाक्षी मिश्रा – समिति सदस्य
   सहायक प्राध्यापक, आधुनिक–ज्ञान–विज्ञान संकाय

4. डॉ अनेकान्त जैन – समिति सदस्य
   सह प्राध्यापक, जैन दर्शन

5. डॉ गोपाल प्रसाद शर्मा – समिति सदस्य
   सहायक प्राध्यापक, वेद

"विषयबोध कार्यक्रम" की पहली बैठक की चर्चा को आगे बढ़ते हुए, दूसरी बैठक में डॉ अनेकान्त जैन, सह प्राध्यापक, जैन दर्शन ने सुझाव दिया कि प्रतिक्रिया फार्म को हिन्दी और संस्कृत में भी उपलब्ध करवा जाए। समिति सदस्यों ने विषयबोध कार्यक्रम के सन्दर्भ में "कैसे ... जाए" इस दिशा में एक लघु प्रायोगिक आधार पर प्रशिक्षण करके देखा तथा प्रशि...

Cont - - 2

प्रयोगशाला का निरीक्षण किया जिसमें पाया की प्रयोगशाला के सभी उपकरण ठीक से कार्य कर रहे हैं तथा प्रयोगशाला का प्रयोग हम विषयबोध कार्यक्रम की समय–सारिणी के अनुसार कर सकते हैं :–

| | | |
|---|---|---|
| Orientation Programme for Faculty members | On 24th and 25th February 2014 | 03:00 to 04:30 p.m. |
| Orientation Programme for Students | On 11th and 12th March 2014 | 02:00 to 05:00 p.m. |
| Orientation Programme for Supporting official Staff | On 04th and 05th March 2014 | 03:00 to 04:30 p.m. |

निदेशक (आई.क्यू.ए.सी) के धन्यवाद–ज्ञापन से बैठक सम्पन्न हुई।

पीयूषकान्त दीक्षित 17.2.14
प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित
निदेशक
(आई.क्यू.ए.सी)

Rachna V 17.2.14
डॉ रचना वर्मा मोहन,
सह प्राध्यापक,
आधुनिक–ज्ञान–विज्ञान संकाय

मीनाक्षी 17.2.14
डॉ मीनाक्षी मिश्रा,
सहायक प्राध्यापक,
आधुनिक–ज्ञान–विज्ञान संकाय

डॉ अनेकान्त जैन
सह प्राध्यापक,
जैन दर्शन

गोपाल प्रसाद शर्मा
डॉ गोपाल प्रसाद शर्मा
सहायक प्राध्यापक,
वेद

# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
## मनित विश्वविद्यालय
## कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली–110016

**संख्या : ला.ब.शा./आई.क्यू.ए.सी/2014/** **दिनांक : 14/02/2014**

कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न उपवेशन (दिनांक 07/02/2014 संदर्भ संख्या LBS/Dev./Co-ord/2014/2196) में लिये गये निर्णय के अनुसार "विषयबोध कार्यक्रम" (ओरिएन्टेशन प्रोग्राम) के लिए बैठक दिनांक 14 फरवरी 2014 को सायं 03:00 बजे सारस्वत साधना सदन के कक्ष संख्या 01 में आयोजित की गयी। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए तथा अपने विचार रखे:–

1. प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित – अध्यक्ष
   निदेशक (आई.क्यू.ए.सी)

2. डॉ रचना वर्मा मोहन – समिति सदस्य
   सह प्राध्यापक, आधुनिक–ज्ञान–विज्ञान संकाय

3. डॉ मीनाक्षी मिश्रा – समिति सदस्य
   सहायक प्राध्यापक, आधुनिक–ज्ञान–विज्ञान संकाय

4. डॉ अनेकांत जैन – समिति सदस्य
   सह प्राध्यापक, जैन दर्शन

5. डॉ गोपाल प्रसाद शर्मा – समिति सदस्य
   सहायक प्राध्यापक, वेद

बैठक में काफी विचार–विमर्श के बाद "विषयबोध कार्यक्रम" के प्रारूप को स्वीकृति प्रदान की गई तथा "प्रतिक्रिया फार्म" को भरने, जमा करने आदि के सन्दर्भ में शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा अन्य विद्यापीठीय कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने की योजना को क्रियान्वित करने के लिए अन्तिम प्रारूप तैयार किया गया।

Cont -- 2

राष्ट्रीय मूल्याङ्कन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) को प्रस्तुत करने के लिये स्वाध्ययन प्रतिवेदन (SSR) व्यवस्थित रूप में तैयार करने के लिए विभिन्न विभागों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण की रूप रेखा को भी इस उपवेशन में सुनिश्चित किया गया।

प्रशिक्षण से सम्बद्ध समय–सारिणी की सूचना नैक समन्वयक को भेजने का निर्णय भी सदस्यों ने सर्वसम्मति से लिया, जिससे प्रशिक्षण की व्यवस्था हेतु एल.सी.डी स्क्रीन, डेस्कटॉप आदि से सम्बन्धित कक्ष की व्यवस्था कम्प्यूटर विभाग के द्वारा यथा समय की जा सके।

निदेशक (आई.क्यू.ए.सी) के धन्यवाद ज्ञापन से बैठक सम्पन्न हुई।

पीयूषकान्त दीक्षित

**प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित**
निदेशक (आई.क्यू.ए.सी)

Rachna Verma 14-2-14

**डॉ रचना वर्मा मोहन,**
सह प्राध्यापक,
आधुनिक–ज्ञान–विज्ञान संकाय

मीनाक्षी 14/2/14

**डॉ मीनाक्षी मिश्रा,**
सहायक प्राध्यापक,
आधुनिक–ज्ञान–विज्ञान संकाय

14/2/2014

**डॉ अनेकांत जैन**
सह प्राध्यापक,
जैन दर्शन

गोपाल प्रसाद शर्मा 14-2-2014

**डॉ गोपाल प्रसाद शर्मा**
सहायक प्राध्यापक, वेद

3

# श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्

(मानित-विश्वविद्यालयः)

कुतुबसांस्थानिकक्षेत्रम्, नवदेहली-110016

**विषय : दिनांक १०.०२.२०१४ को सायं ०४.०० बजे आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 10.02.2014 को अपराह्ण 04.00 बजे कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में निम्नलिखित महानुभाव उपस्थित हुएः--

1. प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, कुलपति
2. प्रों. इच्छाराम द्विवेदी, संकायप्रमुख, साहित्य एवं संस्कृति संकाय
3. प्रो. वीरसागर जैन, संकायप्रमुख, दर्शन संकाय
4. प्रो. एस.एन. रमामणि, संकायप्रमुखा, छात्र-कल्याण
5. प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित, विभागाध्यक्ष, न्याय-वैशेषिक विभाग एवं निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.
6. प्रो. प्रेम कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष, ज्योतिष विभाग
7. प्रो. हरिहर त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, पौरोहित्य विभाग
8. प्रो. कमला भारद्वाज, विभागाध्यक्षा, व्याकरण विभाग
9. प्रो. सुदीप कुमार जैन, विभागाध्यक्ष, प्राकृतभाषा विभाग
10. प्रो. शुकदेव भोइ, विभागाध्यक्ष, साहित्य विभाग
11. प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी, विभागाध्यक्ष, सांख्ययोग विभाग
12. प्रो. केदारप्रसाद परोहा, विभागाध्यक्ष, विशिष्टाद्वैत-वेदान्त विभाग
13. प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, वास्तुशास्त्र विभाग
14. डॉ. संगीता खन्ना, विभागाध्यक्षा, सर्वदर्शन विभाग
15. डॉ. यशवीर सिंह, विभागाध्यक्ष, धर्मशास्त्र विभाग
16. श्री राजेश कुमार पाण्डेय, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
17. श्री रमाकान्त उपाध्याय, अधिशासी अभियन्ता
18. डॉ. (श्रीमती) कान्ता, सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
19. श्री विनोद मिश्र, सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
20. श्रीमती सुषमा, सहायक कुलसचिव (विकास)
21. डॉ. शिवदत्त त्रिपाठी, सहायक कुलसचिव (प्रशासन) एवं संयोजक

प्रो. भास्कर मिश्र, अध्यक्ष, आधुनिक-ज्ञान विज्ञान संकाय एवं श्री पी. मारियप्पन, सहायक कुलसचिव (चयन) इस बैठक में उपस्थित नहीं हो सके ।

शिवदत्त त्रिपाठी 10.2.14

बैठक में विद्यापीठ के मूल्यांकन एवं प्रत्यायन के विषय में अब तक की गई कार्यवाही, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की गतिविधियों की जानकारी, विभागीय प्रोन्नति एवं चयन समितियों की बैठकों की कार्य योजना, विभागीय अध्ययन-मण्डलों की बैठकों का आयोजन, विशेष व्याख्यानमालाओं, संगोष्ठियों व परिचर्चाओं इत्यादि के आयोजन एवं दिनांक 07.02.2014 को प्रस्तुत छात्रों के प्रतिवेदन के संबंध में विचार-विमर्श किया गया । गहन विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गये:--

1. राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा विद्यापीठ की गतिविधियों का परीक्षण काफी समय से लम्बित है, समय-समय पर नेक द्वारा शीघ्र परीक्षण करवाने के लिए आवश्यक प्रपत्रों को पूरित कर भेजने के लिए पत्र भी प्राप्त हुये हैं, परन्तु अपरिहार्य कारणों से विद्यापीठ द्वारा समयबद्ध कार्यवाहियाँ सम्पन्न नहीं की जा सकी हैं । माननीय कुलपति महोदय द्वारा बैठक में बताया कि यदि नेक को आवश्यक स्व-अध्ययन प्रतिवेदन एवं अन्य विवरण निर्धारित प्रपत्रों पर शीघ्र ही नहीं भेजी गई तो विद्यापीठ को प्राप्त होने वाला अनुदान बाधित हो सकता है जिससे विद्यापीठ की समस्त गतिविधियाँ प्रभावित होंगी । अत: समस्त संकायप्रमुख एवं विभागाध्यक्ष प्रशासन विभाग को आवश्यक प्रपत्र पूरित कर प्रेषित करने का कष्ट करें जिससे आवश्यक प्रतिवेदन यथाशीघ्र प्रस्तुत कर जून माह में नेक द्वारा विद्यापीठ की गतिविधियों का परीक्षण किया जा सके ।

2. आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की भूमिका 'नेक' द्वारा भविष्य में सम्पन्न होने वाले विद्यापीठ के प्रत्यायन (एक्रीडिटेशन) के संदर्भ में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है । फलत: इस प्रकोष्ठ की बैठकें निश्चित अन्तराल पर नियमित रूप में आयोजित होनी चाहिए । आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को पठन-पाठन की गुणवत्ता में सुधार के लिये निम्नलिखित सदस्यों की एक उप-समिति का गठन किया गया :--

   (1) प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित, अध्यक्ष, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
   (2) प्रो. भास्कर मिश्र, संकायप्रमख, आधुनिक-ज्ञान-विज्ञान संकाय
   (3) प्रो. कमला भारद्वाज, विभागाध्यक्ष, व्याकरण विभाग
   (4) प्रो. शुकदेव भोइ, विभागाध्यक्ष, साहित्य विभाग
   (5) डॉ. संगीता खन्ना, विभागाध्यक्ष, सर्वदर्शन विभाग

   निदेशक, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ उपरोक्त उप-समिति के सदस्यों के साथ शीघ्र ही बैठक आयोजित करेंगे एवं उपरोक्त विषय में प्रतिमाह सम्बन्धित गतिविधियों का प्रतिवेदन कुलपति महोदय के समक्ष प्रस्तुत करेंगे ।

3. आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा विकास अनुभाग में प्रस्तुत कार्यशाला का प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया । इस कार्यशाला को आयोजित किये जाने के संबंध में निदेशक, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही करें ।

4. माननीय कुलपति महोदय द्वारा बैठक में बताया गया कि विभागीय प्रोन्नति एवं चयन समितियों की कार्य योजना तैयार की जा रही है, वर्तमान में प्रोन्नति के लगभग 40 मामलें लम्बित हैं । मूल्यांकन एवं पुनरीक्षण समिति और चयन समिति की सभी बैठकें मार्च माह के प्रथम सप्ताह तक सम्पन्न करने का प्रयास किया जायेगा ।

देवदत्त त्रिपाठी 10.2.14

5

5. कुछ विभागों द्वारा पाठ्यक्रमों में संशोधन एवं परिवर्धन हेतु अध्ययन मण्डलों की बैठकें अब तक आयोजित नहीं की गई है, इन बैठंकों का आयोजन अत्यावश्यक है, अतः शैक्षणिक विभाग के सहयोग से संबंधित विभागाध्यक्ष शीघ्र ही बैठकें आयोजित करें, जिससे पाठ्यक्रमों को अद्यतन बनाया जा सके ।

6. दर्शन संकायप्रमुख द्वारा बैठक में बताया गया कि दर्शन संकाय के अन्तर्गत 4 मार्च से 24 मार्च, 2014 तक पाण्डुलिपि विज्ञान एवं लिपिशास्त्र पर एक कार्यशाला एवं सर्वदर्शन विभाग द्वारा 25 मार्च, 2014 को तत्त्वबोध पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है । अतः संकायों द्वारा प्रस्तावित गोष्ठियों की तिथियों को पुनः संशोधित किया जाय ।

सर्वसम्मति से विशिष्ट व्याख्यानमालाओं/कार्यशालाओं/संगोष्ठियों के आयोजन का दायित्व निम्नलिखित संकायों को दिया गया । व्याख्यानमालाओं/कार्यशालाओं/संगोष्ठियों के आयोजन हेतु संकायप्रमुख ~~अपनी-अपनी~~ संकाय के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित कर विकास अनुभाग को निश्चित कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत करेंगे, जिससे शीघ्रातिशीघ्र कार्यक्रम आयोजित किये जा सकें:--

| | संगोष्ठियाँ/कार्यशालाएँ | संकाय/विभाग |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय संगोष्ठी | साहित्य एवं संस्कृति संकाय |
| 2. | राष्ट्रीय संगोष्ठी | दर्शन संकाय |
| 3. | राष्ट्रीय संगोष्ठी | आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय |
| 4. | शोध प्रविधि एवं पाण्डुलिपि विज्ञान कार्यशाला | शोध-प्रकाशन विभाग |

| | व्याख्यानमाला का नाम | संकाय/विभाग |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. मण्डनमिश्र स्मारक व्याख्यानमाला, | वेद-वेदांग संकाय |
| 2. | डॉ. कल्याणदत्त शर्मा स्मारक व्याख्यानमाला, | वेद-वेदांग संकाय |
| 3. | डॉ. पट्टाभिराम शास्त्री स्मारक व्याख्यानमाला, | दर्शन संकाय |
| 4. | डॉ. गौरीनाथ शास्त्री स्मारक व्याख्यानमाला | दर्शन संकाय |
| 5. | आचार्य कुन्दकुन्द स्मृति ~~स्मारक~~ व्याख्यानमाला | साहित्य एवं संस्कृति संकाय |
| 6. | आचार्य रमाकान्त शास्त्री स्मारक व्याख्यानमाला | साहित्य एवं संस्कृति संकाय |
| 7. | डॉ0 आदित्यनाथ झा स्मारक व्याख्यानमाला | आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय |
| 8. | डॉ. वाचस्पति उपाध्याय स्मारक व्याख्यानमाला, | शोध एवं प्रकाशन विभाग |

सहायक कुलसचिव (विकास/प्रशासन) द्वारा विभिन्न व्याख्यानमालाओं की जानकारी देते हुए यह बताया गया कि बजट बहुत सीमित है, अतः मितव्ययता का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा । इसलिए व्यय कम करने को दृष्टि में रखते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय किया गया कि संकाय स्तर पर यथासम्भव कार्यक्रमों के लिए एक ही निमंत्रणपत्र एवं बैनर छापा जाए । विशेषज्ञों को आमंत्रित करते समय यह ध्यान रखा जाए कि उनका उपयोग चयन समितियों व प्रोन्नति समिति की बैठकों, अध्ययन-मण्डल की बैठकों एवं कार्यक्रमों में एक ही बार आमंत्रित किये जाने पर किया जा सके ।

7. छात्रों द्वारा भूख हड़ताल करने के संबंध में कुलपति महोदय को दिनांक 07.02.2014 को एक सामूहिक प्रतिवेदन दिया गया है जिसमें प्रशासन द्वारा उनके पूर्व प्रेषित प्रतिवेदनों पर विशेष ध्यान न दिये जाने व उनकी माँग पर कोई कार्यवाही न किये जाने के बारे में लिखा गया है ।

इस प्रतिवेदन में दिनांक 13.02.2014 से अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठने की सूचना दी गई है । बैठक में छात्रों की सभी माँगों के निराकरण हेतु अधोलिखित सदस्यों की एक समिति का गठन किया गया —

| | | |
|---|---|---|
| (1) | प्रो. शुद्धानन्द पाठक | अध्यक्ष |
| (2) | प्रो. एस.एन. रमामणि | सदस्या |
| (3) | प्रो. शुकदेव भोइ | सदस्य |
| (4) | प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी | सदस्य |
| (5) | प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी | सदस्य |
| (6) | प्रो. केदारप्रसाद परोहा | सदस्य |
| (7) | डॉ. जयकृष्णन | सदस्य |
| (8) | श्री विनोद मिश्र | सदस्य/संयोजक |

यह समिति प्रशासन विभाग के सहयोग से पूर्व में छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों पर की गई कार्यवाहियों का सम्प्रेषण छात्रों को करेगी तथा उनकी अन्य मांगों के लिए एक प्रतिवेदन कुलपति महोदय के समक्ष प्रस्तुत करेगी, जिसपर शीघ्रातिशीघ्र विचार-विमर्श कर छात्रों की समस्त समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा ।

अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी सदस्यों से विद्यापीठ के विकास में सक्रिय सहयोग का अनुरोध किया गया । सधन्यवाद बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई ।

(इच्छाराम द्विवेदी) (श्रीमती एस.एन. रमामणि) (वीरसागर जैन)

(पीयूषकान्त दीक्षित) 10.2.14 (प्रेम कुमार शर्मा) 13.02.2014 (हरिहर त्रिवेदी)

(श्रीमती कमला भारद्वाज) (सुदीप कुमार जैन) 13.2.14 (शुकदेव भोइ)

(महेश प्रसाद सिलोड़ी) 13.2.2014 (प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी) 13/2/14 (केदारप्रसाद परोहा)

(संगीता खन्ना) 10.2.14 (यशवीर सिंह) 13.2.14 (रमाकान्त उपाध्याय) 13/2/14

(राजेश कुमार पाण्डेय) (श्रीमती कान्ता) (शिवदत्त त्रिपाठी) 10.2.14

(विनोद मिश्र) 13/2/14 (श्रीमती सुषमा)

(रमेश कुमार पाण्डेय) 10/2/14

कुलपति.